पत्रांक....................../रा०

# समाहरणालय सिमडेगा।

(राजस्व शाखा)

**स्मार–पत्र**
**अतिआवश्यक**

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

सेवा में,

जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।
सभी अंचल अधिकारी, सिमडेगा जिला।
परियोजना निदेशक, आत्मा, सिमडेगा।
श्री विजय कुमार सिन्हा, CSC, प्रबंधक, सिमडेगा।
सभी ATM/BTM सिमडेगा जिला।

सिमडेगा, दिनांक...............................

**विषय :–** **PM किसान योजना अंतर्गत लाभुक कृषकों का eKYC/Land Seeding शत प्रतिशत पूर्ण करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक–12.09.2024 को सम्पन्न राजस्व की समीक्षा बैठक में उपायुक्त सिमडेगा के निदेश के आलोक में PM KISAN योजना अंतर्गत लाभुक कृषकों का eKYC/Land Seeding कार्य एक सप्ताह के अन्दर शत–प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में आज दिनांक–26.09.2024 को PM KISAN पोर्टल से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार समीक्षोपरांत पाया गया कि eKYC/Land Seeding कार्य में प्रगति नगन्य है। जो अति खेद का विषय है। लंबित कृषकों का सॉफ्ट कॉपी पूर्व में ही आपको उपलब्ध कराया जा चुका है। विदित हो कि माह अक्टूबर के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में 18वीं किस्त का भुगतान भारत सरकार के द्वारा किया जाना है। ऐसी परिस्थिति में इस योजना का लाभ पाने हेतु कृषकों का eKYC एवं Land Seeding होना अनिवार्य है।

लंबित eKYC एवं Land Seeding की विवरणी निम्न प्रकार है :–

**PMKISAN eKYC /Land Seeding Status Report as on date -26.09.2024**

| S. No. | Anchal Name | Number of Farmers | eKYC Completed | eKYC Completed (%) | eKYC Pending | eKYC Pending (%) | Total Aadhaar Authenticated, Land Seeding, ABPS ready, PFMS Accepted and eKYC Completed | Eligible Pending for Land Details Seeding | Land Seeding Pending (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Jaldega | 3133 | 2606 | 83 | 527 | 17 | 2131 | 345 | 11.01 |
| 2 | Bansjor | 1706 | 1389 | 81 | 317 | 19 | 1197 | 133 | 7.80 |
| 3 | Kersai | 2698 | 2271 | 84 | 427 | 16 | 1679 | 349 | 12.94 |
| 4 | Kurdeg | 2564 | 2122 | 83 | 442 | 17 | 1783 | 115 | 4.49 |
| 5 | T.tangar | 3233 | 2320 | 72 | 913 | 28 | 1869 | 202 | 6.25 |
| 6 | Pakartand | 3702 | 2981 | 81 | 721 | 19 | 2449 | 485 | 13.10 |
| 7 | Bano | 5272 | 4146 | 79 | 1126 | 21 | 3697 | 205 | 3.89 |
| 8 | Bolba | 2485 | 2065 | 83 | 420 | 17 | 1605 | 290 | 11.67 |
| 9 | Kolebira | 4718 | 3417 | 72 | 1301 | 28 | 2213 | 854 | 18.10 |
| 10 | Simdega | 2422 | 1807 | 75 | 615 | 25 | 1449 | 249 | 10.28 |
|  | Total | **31933** | **25124** | **79** | **6809** | **21** | **20072** | **3227** | **10.11** |

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त प्रतिवेदन के अनुसार सिमडेगा जिला में PM किसान योजना अंतर्गत लाभुक कृषकों का eKYC बहुत ही कम किया गया है एवं कल्याणकारी योजना के लाभ से कृषकों को वंचित रखा गया है। उपायुक्त महोदय एवं अधोहस्ताक्षरी के द्वारा बारंबार निदेशित किये जाने के बावजूद भी ऐसा प्रतीत होता है कि आपके द्वारा PM किसान योजना के कार्य में अभिरूचि नहीं ली जा रही है।

अतः निदेश दिया जाता है कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए युद्ध स्तर पर PM किसान योजना अंतर्गत सभी लाभुक कृषकों का दिनांक– 30.09.2024 तक शत–प्रतिशत eKYC एवं Land Seeding कराते हुए दैनिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरते जाने एवं समय सीमा के अन्दर eKYC एवं Land Seeding का कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में कार्रवाई हेतु उपायुक्त महोदय को संसूचित कर दिया जायगा।

विश्वासभाजन

Sd/-

अपर समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

ज्ञापांक 947(ii)/रा0, सिमडेगा, दिनांक 26.09.24

प्रतिलिपिः– उपायुक्त, सिमडेगा को सादर सूचनार्थ समर्पित।

26.9.2024

अपर समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

Scanned with OKEN Scanner